Title: Re: Direct Train services from Gopalganj Thave to Delhi and other places.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): सभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज थावे से दिल्ली या किसी अन्य महानगर के लिए कोई भी ट्रेन नहीं है। मैंने कई बार सदन में नियम 377 के तहत और शून्य काल में भी माननीय मंत्री से मिलकर भी इस मुद्दे को रखा। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि गोपालगंज थावे से दिल्ली के लिए कोई सीधी ट्रेन जल्द से जल्द दी जाए। जो एसी ट्रेन अरूणाचल प्रदेश से दिल्ली चलती है, उसे डायवर्ट करके छपरा से गोपालगंज थावे, गोरखपुर होते हुए दिल्ली तक लाया जाए, ताकि हमारे संसदीय क्षेत्र के लोगों को इसका फायदा मिले।